# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर – 492002**


क्रमांक / 852 / छ.ग.वि.स. / स्था. / 2026 रायपुर, दिनांक 29/01 / 2026

## सहायक ग्रेड–3 भर्ती अंतर्गत दस्तावेज परीक्षण / सत्यापन

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय में सहायक ग्रेड–3 पद पर सीधी भर्ती हेतु आयोजित लिखित एवं कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के संयुक्त प्राप्तांक की प्रावीण्य सूची विधान सभा की वेबसाईट पर दिनांक 03 / 09 / 2025 को अपलोड कर दी गई है।

उक्तानुसार घोषित परीक्षा परिणाम के कॉमन मेरिट लिस्ट में से दस्तावेज परीक्षण / सत्यापन हेतु चिह्नांकित अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ विधान सभा की वेबसाईट www.cgvidhansabha.gov.in पर अपलोड की गई है । उक्त सूची के सरल क्रमांक 01 से 85 तक के अभ्यर्थी **मंगलवार, दिनांक 17 फरवरी, 2026** को तथा सरल क्रमांक 86 से 175 तक के अभ्यर्थी **बुधवार, दिनांक 18 फरवरी, 2026** को **छत्तीसगढ़ विधान सभा की वेबसाईट पर उपलब्ध दस्तावेज परीक्षण / सत्यापन हेतु जानकारी पत्रक (समस्त अभ्यर्थी) एवं अभिवचन पत्र (केवल विवाहित अभ्यर्थी)** को डाउनलोड कर समस्त बिन्दुओं की पूर्ति कर वांछित प्रमाण पत्र / दस्तावेज की छायाप्रति स्वप्रमाणित कर संलग्न करते हुए अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों / दस्तावेजों एवं दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित तिथि में **पूर्वाह्न 11.00 बजे** दस्तावेज परीक्षण / सत्यापन हेतु छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर के बी ब्लॉक के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में स्वयं उपस्थित हों ।

दस्तावेज परीक्षण / सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों के चयन पर विधान सभा सचिवालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

दस्तावेज परीक्षण / सत्यापन के लिए यात्रा व्यय स्वयं अभ्यर्थी के द्वारा वहन की जाएगी ।

सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

D:\Sthapna_2021 to 2025\Bharti\Sahayak Grade 3\Sahayak Grade_3_Notsheet\(402)